प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'साठ'

[23/3/2018] **परिशिष्ट - 1**

प्रश्न सं. [क्र. 476]

क्र.	वर्ष	कार्य का विवरण	स्वीकृत राशि	व्यय राशि	कार्य की अद्यतन स्थिति	रिमार्क
1	2015–16	–	–	–	–	–
2.	2016–17	घास लगाना एवं लेण्डस्केपिंग कार्य	2973519/–	2973519/–	पूर्ण	–
3.	2016–17	बोरवेल खनन	261827/–	261827/–	पूर्ण	–
4.	2016–17	मुख्य द्वार का निर्माण एवं चेनलिंक फेंसिग	2529000/–	1668000/–	पूर्ण	शेष भुगतान लंबित है।
5.	2016–17	थ्री फेस कनेक्शन	239912/–	239912/–	पूर्ण	–
6	2017–18	टर्फ विकेट निर्माण	1035433/–	1035433/–	पूर्ण	–
7	2017–18	बोरवेल खनन	304237/–	304237/–	पूर्ण	–

अतारांकित प्रश्न क्रमाक 476

स्टेडियम निर्माण में मेन गेट एवं चेन लिंक कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं वास्तुविद द्वारा निर्धारित ड्राइंग के अनुसार कराया गया है। जिसकी गुणवत्ता की जॉच शासन से अधिकृत प्रयोगशाला में करायी गयी, प्रयुक्त सामग्री गुणवत्ता युक्त पाई गयी।

2/- प्रश्नांश 'क' में वर्णित सभी कार्य जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्योपुर के प्रतिवेदन अनुसार स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्ता युक्त कराये गये है।

3/- नलकूप के खराब होने की वजह से माह अक्टूबार 2017 मे घास में पानी नही दिये जाने के कारण घास सूख गयी थी किन्तु पर्याप्त पानी दिये जाने से घास हरी हो गयी है।

4/- पाथवे किसी भी जगह से नही उखडी है। सुरक्षा व्यवस्था कर्मचारी न होने से सर्किल जाली असमाजिक तत्वो द्वारा एक जगह से तोड दी गई है। जिसको वर्तमान में तारो से बांधकर ठीक कर दिया गया है।

5/- समतलीकरण का कार्य पूर्ण रूप से हुआ था। जिससे स्टेडियम में आवारा पशु अंदर आ जाते थे जिनके खुरो से गीले ग्राउण्ड में गड्डे हो गए थे। साथ ही टर्फ विकेट एवं जाली का कार्य बाद में होने की वजह से जो आवश्यक भारी वाहन स्टेडियम के अंदर लाए गए थे उनके पहियों से मैदान कई जगह से हल्का सा ऊचा नीचा हो गया है। मेनगेट एवं जाली का कार्य स्वीकृत प्राक्कलन एवं वास्तुदि द्वारा निर्धारित ड्राईंग के अनुरूप कराया गया है।

6/- स्टेडियम में 5 टर्फ विकेट तैयार किए गये है। किन्तु स्थानीय संस्थाओं द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिताओं में बार-बार एक ही पिच पर विभागीय रोलर उपलब्ध ना होने के कारण किराए से रोलर लाकर रोलिंग किए जाने से एक पिच अन्य पिच से नीचे होने से देखने पर असतुलित लगती है।

7/- वर्ष 2015-16 एवं 2017-18 से वर्तमान तक स्टेडियम में कई स्थानीय संस्थाओं द्वारा क्रिकेट खेल की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा चुका है एवं नगर पालिका तथा जिला फुटबॉल संघ द्वारा राष्ट्रिय स्तर की फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। स्टेडियम पूर्ण रूप से खेलने योग्य है।

8/- खिलाडियों की सुविधा हेतु खेल मैदान पर टीम सेल्टर एवं स्टेडियम के पवेलियन में वाटरकूलर तथा जिम की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की जा चुकी है।